MDD 36 36/2025

**12/KVPP/M-2025-01**

**Booklet Series**

**A**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**Serial No. 2000953**

Question Booklet

# GENERAL KNOWLEDGE

**Time Allowed : 1:30 Hours**

**Maximum Marks : 100**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains 100 questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. An Answer Sheet has been supplied inside the Question Booklet to mark the answers. **You must write your Roll Number and encode it and write other particulars in the space provided in the Answer Sheet, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and attached answer sheet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet and the series encoded in answer sheet are same. Also please check that the Booklet contains 32 printed pages including two pages (Page Nos. 30 and 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated or question booklet and answer sheet have different series. If you find any defect in this Booklet and attached answer sheet, get it replaced Immediately by a complete Booklet with OMR sheet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses - (A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question.
8. In the Answer Sheet, there are **four** circles - Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
9. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
10. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
11. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.



**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

**1.** Look at the series : 5, 21, 13,......, 15, 16. What number should fill in the blank?

(A) 11

(B) 14

(C) 17

(D) 19

**2.** Look at the set of letters : ABC, DFH, ILO,..... What set of letters should fill in the blank?

(A) PSV

(B) PTX

(C) PUZ

(D) PVX

**3.** Look at the chain: X : Y, 6 : 8, 10 : –1, 18 : –28. Which numbers will come at the place of X and Y, respectively?

(A) 4, 5

(B) 4, 7

(C) 4, 9

(D) 4, 11

**4.** Find the wrong number in the series. 1, 2, 6, 15, 31, 56, 91

(A) 31

(B) 15

(C) 56

(D) 91

**5.** Let 'A' is father of 'C', 'D' is son of 'B', 'E', is brother of 'A', and 'C' is sister of 'D'. Then how is 'B' related to 'E'?

(A) Brother-in-Law

(B) Daughter

(C) Husband

(D) Sister-in-Law

**6.** On writing first half of English alphabets in reverse order, the letter 'E' will be ______ th from the right.

(A) 17

(B) 18

(C) 19

(D) 20

**7.** What is the value of 'A' in the following table?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | 22 | 18 | 87 |
| 88 | A | 9 | 25 |
| 10 | 24 | 89 | 16 |
| 19 | 86 | 23 | 11 |

(A) 17

(B) 19

(C) 21

(D) 23

2009953

1. यह श्रृंखला को देखें : 5, 21, 13,......, 15, 16. यहाँ रिक्त स्थान में कौन–सी संख्या भरनी चाहिए?

(A) 11

(B) 14

(C) 17

(D) 19

2. यह अक्षरों के समूह को देखें : ABC, DFH, ILO,..... रिक्त स्थान को भरने के लिए अक्षरों का कौन–सा समूह उपयुक्त होगा?

(A) PSV

(B) PTX

(C) PUZ

(D) PVX

3. यह श्रृंखला को देखें : X : Y, 6 : 8, 10 : –1, 18 : –28. यहाँ 'X' और 'Y' के स्थान पर क्रमश: कौन–सी संख्याएँ आएंगी?

(A) 4, 5

(B) 4, 7

(C) 4, 9

(D) 4, 11

4. श्रृंखला में गलत संख्या ज्ञात कीजिए। 1, 2, 6, 15, 31, 56, 91

(A) 31

(B) 15

(C) 56

(D) 91

5. मान लीजिए 'A', 'C', का पिता है, 'D', 'B', का पुत्र है, 'E', 'A', का भाई है, और 'C' , 'D' की बहन है। तो 'B', 'E' से किस प्रकार संबंधित है?

(A) देवर

(B) पुत्री

(C) पति

(D) ननद

6. अंग्रेजी वर्णमाला के पहले आधे भाग को उल्टे क्रम में लिखने पर, अक्षर 'E' दाईं ओर से .......... वाँ होगा?

(A) 17

(B) 18

(C) 19

(D) 20

7. निम्नलिखित तालिका में 'A' का मान क्या है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | 22 | 18 | 87 |
| 88 | A | 9 | 25 |
| 10 | 24 | 89 | 16 |
| 19 | 86 | 23 | 11 |

(A) 17

(B) 19

(C) 21

(D) 23

8. Let P + Q means P is to South of Q; P – Q means P is to the North of Q; P × Q means P is to the East of Q; P ÷ Q means P is to West of Q. Then in the operation P × Q – R ÷ S, S is in which direction with respect to P?


(A) South-West
(B) South-East
(C) North-East
(D) North-West

9. How many α's are there with 'β' before and after them in the sequence?

βαβααβββαβαβαβααββαααβββ
αβαβαβααββαβ

(A) 6
(B) 7
(C) 8
(D) 9

10. What is the minimum number of straight lines required to make the following figure?



(A) 17
(B) 16
(C) 15
(D) 14

11. Which judgment first articulated the Basic Structure doctrine with respect to Indian constitution?

(A) Golaknath v. State of Punjab
(B) Kesavananda Bharati v. State of Kerala
(C) Minerva Mills v. Union of India
(D) Maneka Gandhi v. Union of India

12. Which of the following is not mentioned in the Constitution of India?

(A) Inter-State Council
(B) Finance Commission
(C) Planning Commission
(D) Election Commission

13. What is the tenure of the Chief Election Commissioner under the 2023 law?

(A) 6 years or 65 years of age
(B) 5 years or 60 years of age
(C) 6 years or 60 years of age
(D) 5 years or 65 years of age

14. Which article of the Indian Constitution empowers Parliament to legislate on State List subjects in national interest?

(A) Article 249
(B) Article 252
(C) Article 254
(D) Article 263

8. मान लीजिए P + Q का अर्थ है कि P, Q के दक्षिण में है; P − Q का अर्थ है कि P, Q के उत्तर में है; P × Q का अर्थ है कि P, Q के पूर्व में है; P ÷ Q का अर्थ है कि P, Q के पश्चिम में है। तो संक्रिया P × Q − R ÷ S में, P के सापेक्ष S किस दिशा में है?

(A) दक्षिण–पश्चिम

(B) दक्षिण–पूर्व

(C) उत्तर–पूर्व

(D) उत्तर–पश्चिम

9. इस क्रम में कितने α हैं जिनके पहले और बाद में 'β' है?

β α β α α β β β α β α β α β α α β β α α α β β β α β α β α β α α β β α β


(A) 6

(B) 7

(C) 8

(D) 9

10. निम्नलिखित आकृति बनाने के लिए आवश्यक सीधी रेखाओं की न्यूनतम संख्या क्या है?



(A) 17

(B) 16

(C) 15

(D) 14

11. भारतीय संविधान के सम्बन्ध में किस निर्णय ने सबसे पहले मूल संरचना सिद्धांत को स्पष्ट किया?

(A) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य

(B) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य

(C) मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ

(D) मेनका गांधी बनाम भारत संघ

12. भारत के संविधान में निम्नलिखित में से किस का उल्लेख नहीं है?

(A) अंतर–राज्य परिषद

(B) वित्त आयोग

(C) योजना आयोग

(D) चुनाव आयोग

13. 2023 के कानून के अंतर्गत मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल क्या है?

(A) 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु

(B) 5 वर्ष या 60 वर्ष की आयु

(C) 6 वर्ष या 60 वर्ष की आयु

(D) 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु

14. भारतीय संविधान का कौन–सा अनुच्छेद संसद को राष्ट्रीय हित में राज्य सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार देता है?

(A) अनुच्छेद 249

(B) अनुच्छेद 252

(C) अनुच्छेद 254

(D) अनुच्छेद 263

**15.** Which out of the following Acts replaced the Indian Penal Code, 1860?

(A) Bharatiya Dand Sanhita

(B) Bharatiya Sakshya Adhiniyam

(C) Bharatiya Nyaya Sanhita

(D) Bharatiya Suraksha Sanhita

**16.** Which country is not a member of the QUAD grouping?

(A) India

(B) Australia

(C) Japan

(D) Russia

**17.** I2U2 (India, Israel, UAE, USA) primarily focuses on:

(A) Military cooperation

(B) Counterterrorism

(C) Economic development

(D) Space technology

**18.** India's major achievement in holding G20 summit 2023 was:

(A) African Union's permanent membership

(B) Removal of Russia from G20

(C) Establishing G20 military wing

(D) Creating BRICS+ alliance

**19.** What does De-dollarization among BRICS countries mean?

(A) Ending IMF dependency

(B) Creating global cryptocurrency

(C) Avoiding US dollar in trade

(D) Pegging trade in gold

**20.** The Digital Personal Data Protection Act, 2023 does *not* provide :

(A) Right to data portability

(B) Right of Data Principal

(C) Data Protection Board

(D) Consent-based data use

**21.** Match List - I with List - II

| List - I | List - II |
|---|---|
| a) NH - 48 | 1) Srinagar-Kanyakumari Highway |
| b) NH - 44 | 2) Delhi - Mumbai Expressway |
| c) NH - 27 | 3) Delhi - Kolkata Highway |
| d) NH - 19 | 4) Porbandar - Silchar Highway |

Select the correct answer using the codes given below :

(A) a b c d
1 2 3 4

(B) a b c d
2 1 4 3

(C) a b c d
3 4 1 2

(D) a b c d
4 3 2 1

15. निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने भारतीय दंड संहिता, 1860 का स्थान लिया?

(A) भारतीय दंड संहिता

(B) भारतीय साक्ष्य अधिनियम

(C) भारतीय न्याय संहिता

(D) भारतीय सुरक्षा संहिता

16. कौन–सा देश क्वाड (QUAD ) समूह का सदस्य नहीं है?

(A) भारत

(B) ऑस्ट्रेलिया

(C) जापान

(D) रूस

17. I2U2 (भारत, इज़राइल, यूएई, यूएसए) मुख्य रूप से किस पर केंद्रित है?

(A) सैन्य सहयोग

(B) आतंकवाद निरोध

(C) आर्थिक विकास

(D) अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

18. G20 शिखर सम्मेलन 2023 के आयोजन में भारत की प्रमुख उपलब्धि थी :

(A) अफ्रीकी संघ की स्थायी सदस्यता

(B) G20 से रूस को हटाना

(C) G20 सैन्य विंग की स्थापना

(D) BRICS+ गठबंधन बनाना

19. ब्रिक्स (BRICS) राष्ट्रों के बीच डी–डॉलरीकरण का अर्थ क्या है?

(A) IMF पर निर्भरता समाप्त करना

(B) वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी बनाना

(C) व्यापार में अमेरिकी डॉलर से बचना

(D) सोने के व्यापार में निश्चित विनिमय दर

20. डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 निम्नलिखित प्रदान <u>नहीं</u> करता है :

(A) डेटा पोर्टेबिलिटी का अधिकार

(B) डेटा प्रिंसिपल का अधिकार

(C) डेटा संरक्षण बोर्ड

(D) सहमति–आधारित डेटा उपयोग

21. सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिये :

| | सूची - I | सूची - II |
|---|---|---|
| a) | एन.एच. - 48 | 1) श्रीनगर – कन्याकुमारी राजमार्ग |
| b) | एन.एच. - 44 | 2) दिल्ली– मुंबई एक्सप्रेस वे |
| c) | एन.एच. - 27 | 3) दिल्ली–कोलकाता राजमार्ग |
| d) | एन.एच. - 19 | 4) पोरबन्दर–सिलचर राजमार्ग |

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

(A) a b c d
1 2 3 4

(B) a b c d
2 1 4 3

(C) a b c d
3 4 1 2

(D) a b c d
4 3 2 1

**22.** In the context of famous Indian Bridges, which of the following pair is not correctly matched?

(A) Godavari Arch Bridge : Tamil Nadu

(B) Bogibeel Bridge : Assam

(C) Bandra - Worli Sea Link : Maharashtra

(D) Coronation Bridge : West Bengal

**23.** Which among the following Indian Railway link is not Mountain Railway?

(A) Kalka - Shimla Railway

(B) Matheran narrow - gauge Railway

(C) Kanyakumari to Trivandrum Railway

(D) Nilgiri 'Toy Train' Journey of Railway

**24.** In the context of Indian Airports, which one of the following pair is correct?

(A) Netaji Subhas Chandra Bose International Airport - Kerala

(B) Cochin International Airport - Tamil Nadu

(C) Chaudhary Charan Singh International Airport - Bihar

(D) Sardar Vallabhbhai Patel International Airport - Gujarat

**25.** The Railway station with the highest number of platform in 2023 in India is :

(A) New Delhi Junction

(B) Kanpur Central Junction

(C) Hyderabad Junction

(D) Howrah Junction

**26.** In the context of hydro - electric power generation centers, which one of the following pair is correct?

(A) Koyna Hydroelectric Project - Kerala

(B) Tehri Dam - Haryana

(C) Sardar Sarovar Dam - Gujarat

(D) Nathpa Jhakri - Uttarakhand

**27.** In the context of thermal power plants, which one of the following pair is correct?

(A) Talcher Super Thermal Power Plant - Maharashtra

(B) Sasan Ultra Mega Power Plant - Madhya Pradesh

(C) Tiroda Thermal Power Plant - Kerala

(D) NTPC Dadri - Bihar

**28.** Consider the following statements :

1) The Rewa Ultra Mega Solar Plant is a large - scale solar power project located in Rewa district, Madhya Pradesh.

2) The plant supplies about $\frac{1}{4}^{th}$ of its power to Delhi Metro.

Which of the above statements is/are correct?

(A) Only 1

(B) Only 2

(C) Both 1 and 2

(D) None of the above

22. भारतीय प्रसिद्ध पुलों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन–सा जोड़ा सही सुमेलित नहीं है?

(A) गोदावरी आर्च ब्रिज : तमिलनाडु

(B) बोगीबील ब्रिज : आसाम

(C) बान्द्रा–वर्ली सी लिंक : महाराष्ट्र

(D) कोरोनेशन ब्रिज : पश्चिमी बंगाल

23. निम्नलिखित में से कौन–सा भारतीय रेल लिंक पर्वतीय रेलवे नहीं है?

(A) कालका – शिमला रेलवे

(B) माथेरान नैरो गेज रेलवे

(C) कन्याकुमारी से त्रिवेन्द्रम रेलवे

(D) नीलगिरि 'टॉय ट्रेन' रेलवे की यात्रा

24. भारतीय हवाई अड्डों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन–सा एक जोड़ा सुमेलित है?

(A) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा – केरल

(B) कोचिन अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा – तमिलनाडु

(C) चौधरी चरणसिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा – बिहार

(D) सरदार वल्लभभाई पटेल अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा – गुजरात

25. भारत में सबसे अधिक प्लेटफार्म वाला रेलवे स्टेशन 2023 में है :

(A) नई दिल्ली जंक्शन

(B) कानपुर सेन्ट्रल जंक्शन

(C) हैदराबाद जंक्शन

(D) हावड़ा जंक्शन

26. जल विद्युत ऊर्जा उत्पादन केन्द्र के संदर्भ में; निम्नलिखित में से कौन एक युग्म सही सुमेलित है?

(A) कोयना जल विद्युत परियोजना – केरल

(B) टिहरी बांध – हरियाणा

(C) सरदार सरोवर बाँध – गुजरात

(D) नाथपा झाकरी – उत्तराखण्ड

27. ताप विद्युत संयंत्रों के संदर्भ में; निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सही है?

(A) तलचेर सुपर थर्मल पावर स्टेशन – महाराष्ट्र

(B) ससन अल्ट्रा मेगा पावर प्लांट – मध्य प्रदेश

(C) तिरोदा थर्मल पावर प्लांट – केरल

(D) एन टी पी सी दादरी – बिहार

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1) रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर प्लांट एक विशाल सौर ऊर्जा परियोजना, मध्य प्रदेश के रीवा जिले में स्थित है।

2) यह संयंत्र दिल्ली मेट्रो को अपनी लगभग एक चौथाई बिजली की आपूर्ति करता है।

उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 एवं 2 दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29.** Which of the following wind farm is related to Tamil Nadu?

(A) Muppandal Wind Farm

(B) Brahmanvel Wind Farm

(C) Bhuj Wind Farm

(D) Kutch Wind Farm

**30.** Consider the following statements :

1) Kalpakkam Nuclear Power Plant has Fast Breeder Test Reactor (FBTR).

2) The FBTR is designed to utilize a Thorium fuel cycle.

Which of the above statements is/are correct?

(A) Only 1

(B) Only 2

(C) Both 1 and 2

(D) None of the above

**31.** Which Statement is true about the Cripps Mission?

(A) That the Constitution of India was to be framed by an elected Constituent Assembly of the Indian people

(B) That the Constitution should give India Dominion Status, equal partnership of the British Commonwealth of Nations

(C) Only A

(D) A and B both

**32.** The council of Ministers in a Parliamentary type of Government can remain in office till it enjoys the support of the-

(A) Minority of members of the Upper House of Parliament

(B) Majority of the members of the Upper House of Parliament

(C) Minority of members of the Lower House of Parliament

(D) Majority of the members of the Lower House of Parliament

**33.** A person shall be disqualified for being chosen as, and for being, a member of a Panchayat -

(A) If he is so disqualified by or under any law for the time being in force for the purposes of elections to the Legislature of the State concerned

(B) If he is so disqualified by or under any law made by the Legislature of the State

(C) Only A

(D) A and B both

**34.** Which statement is correct about the Sarkaria Committee?

(A) It was established in March 1983 and has submitted report in 1988

(B) It was a one- man Commission

(C) Only A

(D) A and B both

2009533 2009533

29. निम्नलिखित में कौन–सा पवन ऊर्जा संयंत्र तमिलनाडु से सम्बन्धित है?

(A) मुप्पंडल पवन फार्म

(B) ब्राह्मणवेल पवन फार्म

(C) भुज विंड फार्म

(D) कच्छ पवन फार्म

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1) कलपक्कम परमाणु ऊर्जा संयंत्र फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर (एफ.बी.टी.आर.) वाला है।

2) एफ बी टी आर थोरियम ईंधन चक्र का उपयोग करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 एवं 2 दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

31. क्रिप्स मिशन के बारे में कौन–सा कथन सत्य है?

(A) भारत का संविधान भारतीय लोगों की निर्वाचित संविधान सभा द्वारा तैयार किया जाना चाहिए

(B) संविधान में भारत को डोमिनियन स्टेटस, ब्रिटिश राष्ट्रमंडल देशों की समान भागीदारी दी जानी चाहिए

(C) केवल A

(D) A और B दोनों

32. संसदीय प्रणाली की सरकार में मंत्रिपरिषद तब तक पद पर बनी रह सकती है जब तक उसे निम्नलिखित का समर्थन प्राप्त हो –

(A) संसद के ऊपरी सदन के सदस्यों का अल्पमत

(B) संसद के ऊपरी सदन के सदस्यों का बहुमत

(C) निचले सदन के सदस्यों का अल्पमत

(D) संसद के निचले सदन के सदस्यों का बहुमत

33. कोई व्यक्ति पंचायत का सदस्य चुने जाने और होने के लिए अयोग्य होगा –

(A) यदि वह संबंधित राज्य के विधानमंडल के चुनावों के प्रयोजनों के लिए वर्तमान में लागू किसी कानून द्वारा या उसके अधीन अयोग्य है

(B) यदि वह राज्य के विधानमंडल द्वारा बनाए गए किसी कानून द्वारा या उसके अधीन अयोग्य है

(C) केवल A

(D) A और B दोनों

34. सरकारिया समिति के बारे में कौन–सा कथन सही है?

(A) इसकी स्थापना मार्च 1983 में हुई थी और इसने 1988 में रिपोर्ट प्रस्तुत की

(B) यह एक सदस्यीय आयोग था

(C) केवल A

(D) A और B दोनों

2003153

35. Chief Ministers of all the states are ex-officio members of the

(A) Planning Commission

(B) National Development Council

(C) Inter State Council

(D) Finance Commission

36. What is contained in the tenth schedule of the constitution?

(A) Languages recognised by constitution

(B) Forms of oath or affirmation

(C) Laws that cannot be challenged in any court of law

(D) Provision regarding disqualification on grounds of defection

37. The only instance when the President of India exercised his power of veto related to the

(A) Indian Post Office (Amendment Bill)

(B) Dowry Prohibition Bill

(C) Hindu Code Bill

(D) PEPSU Appropriation Bill

38. Which schedule of the Indian Constitution pertains to the administration and control of Scheduled Areas and Scheduled Tribes in states other than Assam, Meghalaya, Tripura, and Mizoram?

(A) Fifth Schedule

(B) Tenth Schedule

(C) Third Schedule

(D) Ninth Schedule

39. National Development Council of India was established in which year?

(A) 1950

(B) 1952

(C) 1985

(D) 1992

40. Which statement is not true about the President of India?

(A) The emoluments and allowances of the President shall not be diminished during his term of office

(B) In President's election every elected member of the Legislative Assembly of a State shall have as many votes as there are multiples of one thousand in the quotient obtained by dividing the population of the State by the total number of the elected members of the Assembly

(C) Article 42 says, there shall be a President of India

(D) The election of the President shall be held in accordance with the system of proportional representation by means of the single transferable vote

41. Mahatma Gandhi returned an award during the Non-cooperation movement as a mark of protest. The award was:

(A) Hind Kesari

(B) Knighthood

(C) Rai Bahadur

(D) Kaiser-i-Hind

35. सभी राज्यों के मुख्यमंत्री किसके पदेन सदस्य होते हैं?

(A) योजना आयोग

(B) राष्ट्रीय विकास परिषद

(C) अंतरराज्यीय परिषद

(D) वित्त आयोग

36. संविधान की दसवीं अनुसूची में क्या शामिल है?

(A) संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त भाषाएँ

(B) शपथ या प्रतिज्ञान के प्रकार

(C) ऐसे कानून जिन्हें किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती

(D) दलबदल के आधार पर अयोग्यता के संबंध में प्रावधान

37. एकमात्र उदाहरण जब भारत के राष्ट्रपति ने अपनी वीटो शक्ति का प्रयोग किया, वह था -

(A) भारतीय डाकघर (संशोधन विधेयक)

(B) दहेज निषेध विधेयक

(C) हिंदू कोड विधेयक

(D) PEPSU विनियोग विधेयक

38. भारतीय संविधान की कौन–सी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के अलावा अन्य राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण से संबंधित है?

(A) पांचवी अनुसूची

(B) दसवीं अनुसूची

(C) तीसरी अनुसूची

(D) नौवीं अनुसूची

39. भारतीय राष्ट्रीय विकास परिषद की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

(A) 1950

(B) 1952

(C) 1985

(D) 1992

40. भारत के राष्ट्रपति के बारे में कौन–सा कथन सत्य नहीं है?

(A) राष्ट्रपति के वेतन और भत्ते उनके कार्यकाल के दौरान कम नहीं किए जाएँगे

(B) राष्ट्रपति के चुनाव में किसी राज्य की विधान सभा के प्रत्येक निर्वाचित सदस्य के पास उतने ही वोट होंगे जितने राज्य की जनसंख्या को विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों की कुल संख्या से भाग देने पर प्राप्त भागफल में एक हजार के गुणक होंगे

(C) अनुच्छेद 42 कहता है, भारत का एक राष्ट्रपति होगा

(D) राष्ट्रपति का चुनाव एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार होगा

41. महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन के दौरान विरोध स्वरूप एक पुरस्कार लौटाया था। यह पुरस्कार था :

(A) हिंद केसरी

(B) नाइटहूड

(C) राय बहादुर

(D) कैसर–ए–हिंद

**42.** The 'No Tax' campaign in Bardoli was led by:

(A) Mahatma Gandhi

(B) Jawaharlal Nehru

(C) Rajendra Prasad

(D) Vallabhbhai Patel

**43.** The Tilak Swaraj Fund was started to finance which of the following movements?

(A) Non-Cooperation Movement

(B) Rowlatt Satyagraha

(C) Civil Disobedience Movement

(D) Bardoli Satyagraha

**44.** When was the Bihar Provincial Kisan Sabha established?

(A) 1928

(B) 1934

(C) 1936

(D) 1938

**45.** In which year did Netaji Subhas Chandra Bose form the Forward Bloc party?

(A) 1938

(B) 1939

(C) 1942

(D) 1944

**46.** The famous Komagata Maru incident related to which of the following countries?

(A) Japan

(B) U. S. A

(C) Canada

(D) Germany

**47.** The 'Ilbert Bill' controversy was related to:

(A) Educational Reforms

(B) Vernacular Press Act

(C) Racial discrimination in the Judiciary

(D) Land revenue policies

**48.** The Indian Independence League was set up by:

(A) Rash Behari Bose

(B) S. M. Joshi

(C) Subhas Chandra Bose

(D) Jayaprakash Narayan

**49.** Who established the 'Swaraj Dal' in Bihar in 1923?

(A) Rajendra Prasad

(B) Jayaprakash Narayan

(C) Anugrah Narayan Sinha

(D) Shri Krishna Singh

2009953 2009953 2009953

42. बारडोली में 'नो टैक्स' अभियान का नेतृत्व किसने किया था?

(A) महात्मा गांधी

(B) जवाहरलाल नेहरू

(C) राजेंद्र प्रसाद

(D) वल्लभभाई पटेल

43. तिलक स्वराज फंड की शुरूआत निम्नलिखित में से किस आंदोलन को वित्तपोषित करने के लिए की गई थी?

(A) असहयोग आंदोलन

(B) रौलट सत्याग्रह

(C) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(D) बारडोली सत्याग्रह

44. बिहार प्रांतीय किसान सभा की स्थापना कब हुई थी?

(A) 1928

(B) 1934

(C) 1936

(D) 1938

45. नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने किस वर्ष फॉरवर्ड ब्लॉक पार्टी बनाई थी?

(A) 1938

(B) 1939

(C) 1942

(D) 1944

46. प्रसिद्ध कोमागाटा मारू घटना निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित है?

(A) जापान

(B) यू.एस. ए

(C) कनाडा

(D) जर्मनी

47. 'इल्बर्ट बिल' विवाद किससे संबंधित था?

(A) शैक्षिक सुधार

(B) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट

(C) न्यायपालिका में नस्लीय भेदभाव

(D) भूमि राजस्व नीतियाँ

48. भारतीय स्वतंत्रता लीग की स्थापना किसने की थी?

(A) रास बिहारी बोस

(B) एस. एम. जोशी

(C) सुभाष चंद्र बोस

(D) जयप्रकाश नारायण

49. 1923 में बिहार में 'स्वराज दल' की स्थापना किसने की?

(A) राजेंद्र प्रसाद

(B) जयप्रकाश नारायण

(C) अनुग्रह नारायण सिन्हा

(D) श्री कृष्ण सिंह

50. Which Bihar-based newspaper, edited by Sachchidananda Sinha, played a key role in spreading nationalist ideas?

(A) The Indian Mirror

(B) The Searchlight

(C) The Leader

(D) Young India

51. Arrange the following dynasties in correct chronology from the code given below :

I Kushan dynasty

II Shunga dynasty

III Gupta dynasty

IV Kanva dynasty

Code :

(A) III, I, IV, II

(B) II, IV, I, III

(C) IV, II, III, I

(D) III, II, IV, I

52. Which writer was a contemporary of Ghiyasuddin Tughlaq, Muhammad Bin Tughlaq and Firoz Tughlaq?

(A) Hasan Nizami

(B) Amir Ali

(C) Ziauddin Barani

(D) Shams-i-Siraj

53. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| a) | Lord Linlithgow | 1) | 1944 |
| b) | Lord Mountbatten | 2) | 1931 |
| c) | Lord Willingdon | 3) | 1947 |
| d) | Lord Wavell | 4) | 1936 |

Code :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

54. Given below are two statements :

Statement - I :

Ilbert Bill controversy happened in 1886.

Statement - II :

The first session of Indian National Congress was held at Bombay in 1885.

In the light of the above choose the correct answers from the options given below :

(A) Both Statements I and II are True

(B) Both Statements I and II are False

(C) Statement I is True, Statement II is False

(D) Statement I is False, Statement II is True

**50.** सच्चिदानंद सिन्हा द्वारा संपादित बिहार स्थित किस समाचार पत्र ने राष्ट्रवादी विचारों को फैलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई?

(A) द इंडियन मिरर

(B) द सर्चलाइट

(C) द लीडर

(D) यंग इंडिया

**51.** निम्नलिखित वंशो को सही कालक्रमानुसार नीचे दिए गए कूट से व्यवस्थित करें :

I कुषाण वंश

II शुंग वंश

III गुप्त वंश

IV कण्व वंश

कूट :

(A) III, I, IV, II

(B) II, IV, I, III

(C) IV, II, III, I

(D) III, II, IV, I

**52.** कौन–सा लेखक गयासुद्दीन तुगलक, मोहम्मद बिन तुगलक तथा फिरोज़ तुगलक का समकालीन था?

(A) हसन निज़ामी

(B) अमीर अली

(C) ज़ियाउद्दीन बरनी

(D) शम्स–ए–सिराज

**53.** सूची I का सूची II से मिलान करें तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनें :

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| a. | लार्ड लिनलिथगो | 1. | 1944 |
| b. | लार्ड माउंटबैटन | 2. | 1931 |
| c. | लार्ड विलिंगडन | 3. | 1947 |
| d. | लार्ड वेवेल | 4. | 1936 |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**54.** नीचे दो कथन दिए गए हैं :

कथन – I :

इलबर्ट बिल विवाद 1886 में हुआ

कथन – II :

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन बम्बई में 1885 में हुआ।

उपरोक्त के आलोक में दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनें:

(A) कथन I तथा II दोनों सत्य है

(B) दोनों कथन, I तथा II असत्य है

(C) कथन I सत्य है, कथन II असत्य है

(D) कथन I असत्य है, कथन II सत्य है

**55.** In Gupta period, who wrote 'Brihat-Samhita'?

(A) Aryabhatt

(B) Varahamihira

(C) Brahmagupta

(D) Nagarjuna

**56.** Humayun - nama was written by Mughal emperor's daughter Gulbadan Begum. Who was the emperor?

(A) Babar

(B) Humayun

(C) Akbar

(D) Jahangir

**57.** Consider the following Gupta rulers and arrange them in correct chronological order :

I Kumaragupta

II Samudragupta

III Skandagupta

IV Chandragupta II Vikramaditya

Select the answer using the code given below :

Code :

(A) IV, II, I, III

(B) II, IV, I, III

(C) III, II, I, IV

(D) II, I, IV, III

**58.** In whose tenure did the Mathura School of Sculpture started?

(A) Shungas

(B) Licchavis

(C) Hunas

(D) Kushanas

**59.** In 1880, Lord Lytton constituted the Strachey Commission under the chairmanship of Sir Richard Strachey. It was in which reference?

(A) Education

(B) Famine

(C) Finance

(D) Foreign policy

**60.** During Balban's rule, where did the revolt of Tughril Khan took place?

(A) Awadh

(B) Delhi

(C) Bengal

(D) Malwa

**61.** Which of the following is one of the major factors affecting the Indian Monsoon?

(A) Mountain ranges near the Equator

(B) Himalayan Mountain range

(C) Height of the Western Ghats

(D) Stability of the Tropic of Cancer

20009553 20009553 20009553

55. गुप्तकाल में 'वृहद संहिता' की रचना किसने की?

(A) आर्यभट्ट

(B) वराहमिहिर

(C) ब्रम्हगुप्त

(D) नागार्जुन

56. हुमायूँ–नामा की रचना मुगल सम्राट की पुत्री गुलबदन बेगम नें की थी। वह मुगल सम्राट कौन थे?

(A) बाबर

(B) हुमायूँ

(C) अकबर

(D) जहाँगीर

57. निम्नलिखित गुप्त शासकों पर विचार कीजिए तथा उनको सही कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

I कुमारगुप्त

II समुद्रगुप्त

III स्कन्दगुप्त

IV चन्द्रगुप्त II विक्रमादित्य

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुने :

कूट :

(A) IV, II, I, III

(B) II, IV, I, III

(C) III, II, I, IV

(D) II, I, IV, III

58. मथुरा मूर्तिकला शैली किसके शासनकाल में प्रारंभ हुई?

(A) शुंग

(B) लिच्छवि

(C) हुण

(D) कुषाण

59. 1880 में लार्ड लिटन ने सर रिचर्ड स्ट्रेची की अध्यक्षता में स्ट्रेची आयोग का गठन किया। यह किस संदर्भ में था?

(A) शिक्षा

(B) अकाल

(C) वित्त

(D) विदेश नीति

60. बलबन के शासनकाल में तुगरिल खाँ का विद्रोह कहाँ हुआ?

(A) अवध

(B) दिल्ली

(C) बंगाल

(D) मालवा

61. भारत में मानसून को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में से कौन–सा एक है?

(A) भूमध्यरेखा के पास स्थित पर्वत श्रृंखला

(B) हिमालय पर्वत श्रृंखला

(C) पश्चिमी घाटों की ऊँचाई

(D) कर्क रेखा की स्थिरता

62. Which one of the following passes is *not* located between Arunachal Pradesh and Myanmar?

(A) Pangsau Pass

(B) Diphu Pass

(C) Moreh Pass

(D) Tuirial Pass

63. "Coffee Showers" are typically observed in which Indian state?

(A) West Bengal

(B) Kerala

(C) Assam

(D) Karnataka

64. Arrange the following Union Territories in decreasing order of Sex Ratio as per Census 2011.

1) Andaman & Nicobar Islands

2) Lakshadweep

3) Puducherry

4) Chandigarh

Options:

(A) 3-1-2-4

(B) 1-3-2-4

(C) 3-2-1-4

(D) 2-1-3-4

65. Which is the longest National Waterway in India, and which locations does it connect?

(A) National Waterway-1 : Haldia to Allahabad

(B) National Waterway-2 : Sadiya to Dhubri

(C) National Waterway-3 : Kollam to Kottapuram

(D) National Waterway-4 : Kakinada to Puducherry

66. What was the primary objective behind implementing the 'Green Revolution' in India?

(A) Industrialization of rural areas

(B) To ensure self-sufficiency in food grains in the country

(C) Nationalization of agricultural land

(D) To promote only export of crops

67. *Panchpatmali* mine is associated with which mineral?

(A) Manganese

(B) Bauxite

(C) Copper

(D) Mica

68. Which of the following is the largest contributor to water resources in India?

(A) Rainwater

(B) Groundwater

(C) Lakes and Ponds

(D) Glaciers and Snow

62. निम्नलिखित में से कौन–सा एक दर्रा अरूणाचल प्रदेश और म्यांमार के बीच स्थित नहीं है?

(A) पांगसाऊ दर्रा

(B) दीपू दर्रा

(C) मोरेह दर्रा

(D) तुइरिआल दर्रा

63. "कॉफी शावर्स" भारत के किस राज्य में देखी जाती हैं?

(A) पश्चिम बंगाल

(B) केरल

(C) असम

(D) कर्नाटक

64. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित केंद्र शासित प्रदेशों को लिंग अनुपात के घटते क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

1) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह

2) लक्षद्वीप

3) पुडुचेरी

4) चंडीगढ़

विकल्प :

(A) 3-1-2-4

(B) 1-3-2-4

(C) 3-2-1-4

(D) 2-1-3-4

65. भारत का सबसे लंबा राष्ट्रीय जलमार्ग कौन–सा है, और यह किन स्थानों को जोड़ता है?

(A) राष्ट्रीय जलमार्ग–1 : हल्दिया से इलाहाबाद

(B) राष्ट्रीय जलमार्ग–2 : सादिया से धुबरी

(C) राष्ट्रीय जलमार्ग–3 : कोल्लम से कोट्टापुरम

(D) राष्ट्रीय जलमार्ग–4 : काकीनाडा से पुडुचेरी

66. भारत में 'हरित क्रांति' को लागू करने के पीछे मुख्य उद्देश्य क्या था?

(A) ग्रामीण क्षेत्रों का औद्योगीकरण

(B) देश में खाद्यान्नों की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना

(C) कृषि भूमि का राष्ट्रीयकरण

(D) केवल निर्यात को बढ़ावा देना

67. *पंचपटमाली* खदान किस खनिज से संबंधित है?

(A) मैंगनीज

(B) बॉक्साइट

(C) तांबा

(D) अभ्रक

68. भारत में जल संसाधनों के प्रमुख स्त्रोतों में कौन–सा स्त्रोत सर्वाधिक योगदान देता है?

(A) वर्षा जल

(B) भूजल

(C) झीलें और तालाब

(D) हिमनद और बर्फ

69. Which of the following soils is rich in Iron and Aluminium and is typically found in high rainfall areas?

(A) Black Soil

(B) Alluvial Soil

(C) Laterite Soil

(D) Yellow Soil

70. Which of the following regions are included in the Biodiversity Hotspots of India?

(A) Himalayas, Western Ghats, Indo-Burma, Sundarbans

(B) Thar Desert, Eastern Ghats, Himalayas, Sundarbans

(C) Himalayas, Western Ghats, Indo-Burma, Sundaland

(D) Western Ghats, Sundarbans, Sundaland, Satpura

71. Ribosomes are the centre for :-

(A) Photosynthesis

(B) Protein Synthesis

(C) Fat Synthesis

(D) Respiration

72. There are some plastics which when moulded once, cannot be softened by heating. These are called :

(A) Polyvinyl Chloride

(B) High Density Polythene (HDPE)

(C) Thermosetting plastics

(D) Thermoplastic Polyurethane (TPU)

73. What can be obtained by ultracentrifuge method in polymer chemistry?

(A) Concentration

(B) Molecular mass

(C) Precipitation

(D) Solution

74. Hydraulic brakes used in automobiles are a direct application of

(A) Pascal's Law

(B) Archimedes

(C) Bernoulli's theorem

(D) Torricelli Law

75. Einstein was awarded the Nobel prize for :

(A) General theory of relativity

(B) Explanation of Brownian motion

(C) Photoelectric effect

(D) Special theory of relativity

76. The temperature at which Celsius and Fahrenheit's scale give the same reading is

(A) −40°C

(B) 40°C

(C) 0°C

(D) 32°C

69. निम्नलिखित में से कौन–सी मृदा लोहे और एल्युमिनियम से समृद्ध होती है, तथा अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाई जाती है?

(A) काली मिट्टी

(B) जलोढ़ मिट्टी

(C) लैटेराइट मिट्टी

(D) पीली मिट्टी

70. भारत में निम्नलिखित में से कौन–से क्षेत्र जैव विविधता हॉटस्पॉट के अंतर्गत आते हैं?

(A) हिमालय, पश्चिमी घाट, इंडो–बर्मा, सुन्दरबन

(B) थार मरूस्थल, पूर्वी घाट, हिमालय, सुन्दरबन

(C) हिमालय, पश्चिमी घाट, इंडो–बर्मा, सुंडालैंड

(D) पश्चिमी घाट, सुन्दरबन, सुंडालैंड, सतपुड़ा

71. राइबोसोम केंद्र हैं :

(A) प्रकाश संश्लेषण का

(B) प्रोटीन संश्लेषण का

(C) वसा संश्लेषण का

(D) श्वसन का

72. कुछ प्लास्टिक हैं, जिन्हें एक बार ढालने पर गर्म करके नरम नहीं किया जा सकता है। इन्हें कहा जाता है :

(A) पॉलीविनाइल क्लोराइड

(B) उच्च घनत्व पॉलीथीन (एच. डी. पी. ई.)

(C) थर्मोसेटिंग प्लास्टिक

(D) थर्मोप्लास्टिक पॉलीयुरेथेन (टीपीयू)

73. बहुलक रसायन विज्ञान में अल्ट्रासेंट्रीफ्यूज विधि से क्या प्राप्त किया जा सकता है?

(A) सांद्रता

(B) आणविक द्रव्यमान

(C) अवक्षेप

(D) विलयन

74. ऑटोमोबाइल में उपयोग किए जाने वाले हाइड्रोलिक ब्रेक एक प्रत्यक्ष अनुप्रयोग हैं :

(A) पास्कल का नियम

(B) आर्किमिडीज

(C) बर्नौली की प्रमेय

(D) टोरिसेली का नियम

75. आइंस्टीन को नोबेल पुरस्कार के लिए सम्मानित किया गया था :

(A) सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत

(B) ब्राउनियन गति की व्याख्या

(C) फोटोइलेक्ट्रिक प्रभाव

(D) सापेक्षता का विशेष सिद्धांत

76. वह तापमान जिस पर सेल्सियस और फ़ारेनहाइट का पैमाना समान रीडिंग देता है –

(A) $-40°C$

(B) $40°C$

(C) $0°C$

(D) $32°C$

77. A solid piece of iron sinks in water but floats in mercury because :

(A) The density of iron is more than that of water as well as mercury.

(B) The density of iron is more than that of water but less than mercury.

(C) The average density of water and mercury is less than that of iron.

(D) The density of iron is less than that of water as well as mercury.

78. The first hormone produced by Genetic Engineering is

(A) Thyroxin

(B) Insulin

(C) Estrogen

(D) Testosterone

79. Assertion (A) : LASER is used to measure distant object as moon.

Reason (R) : They are highly coherent source of light.

(A) (A) is true but (R) is false.

(B) (A) is false but (R) is true.

(C) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

80. The Moho discontinuity marks the boundary between two layers of the earth.

(A) Crust and upper mantle

(B) Outer core and inner core

(C) Mantle and lower mantle

(D) Crust and lower mantle

81. Which ion is isoelectronic with $Mg^{2+}$?

(A) $Be^{2+}$

(B) $Ca^{2+}$

(C) $Sr^{2+}$

(D) $F^-$

82. A pi-bond is formed by the overlap of

(A) s and s orbital

(B) s and p orbital

(C) p and p orbital

(D) d and d orbital

83. Which statement is true about aqua regia?

I. Aqua regia is a mixture of $HNO_3$ and HCl, in a molar ratio of 3 : 1

II. Nitrosyl chloride and nitrogen dioxide impart yellow/orange colour to aqua regia

III. Aqua regia can dissolve gold and platinum

IV. pH of aqua regia is > 7

(A) I, II and III

(B) I and II

(C) II and III

(D) I and III

84. An example of a metal cluster is

(A) $Fe_3(CO)_{12}$

(B) $Fe_2(CO)_9$

(C) $Co_2(CO)_8$

(D) $Mn_2(CO)_{10}$

77. लोहे का एक ठोस टुकड़ा पानी में डूब जाता है लेकिन पारा में तैरता है क्योंकि :

(A) लोहे का घनत्व पानी के साथ-साथ पारा से भी अधिक है।

(B) लोहे का घनत्व पानी से अधिक लेकिन पारा से कम होता है।

(C) पानी और पारा का औसत घनत्व लोहे की तुलना में कम है।

(D) लोहे का घनत्व पानी के साथ-साथ पारा से भी कम होता है।

78. जेनेटिक इंजीनियरिंग द्वारा उत्पादित पहला हार्मोन है –

(A) थायरॉक्सिन

(B) इंसुलिन

(C) एस्ट्रोजन

(D) टेस्टोस्टेरोन

79. अभिकथन (A): लेजर का उपयोग चंद्रमा जैसे दूर की वस्तु को मापने के लिए किया जाता है।

कारण (R): वे प्रकाश के अत्यधिक सुसंगत स्त्रोत हैं।

(A) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(B) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

(C) दोनों (A) और (R) सत्य हैं, और (R) (A)की सही व्याख्या है।

(D) दोनों (A) और (R) सत्य हैं, लेकिन (R) (A) की सही व्याख्या नहीं है।

80. मोहो असंतुलन पृथ्वी की दो परतों के बीच की सीमा को चिह्नित करता है।

(A) क्रस्ट और ऊपरी मेंटल

(B) बाहरी कोर और आंतरिक कोर

(C) मेंटल और निचला मेंटल

(D) क्रस्ट और लोअर मेंटल

81. निम्नलिखित में से कौन-सा आयन $Mg^{2+}$ के साथ सम-इलेक्ट्रॉनिक है?

(A) $Be^{2+}$

(B) $Ca^{2+}$

(C) $Sr^{2+}$

(D) $F^-$

82. पाइ बांड का निर्माण कौन-से ओवरलैप द्वारा होता है?

(A) s और s orbital

(B) s और p orbital

(C) p और p orbital

(D) d और d orbital

83. ऐक्वा रेजिया के बारे में कौन-सा कथन सही है?

I. ऐक्वा रेजिया $HNO_3$ और HCI का मिश्रण है, जो 3 : 1 के मोलर अनुपात में होता है।

II. नाइट्रोसल क्लोराइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड ऐक्वा रेजिया को पीला या संतरी रंग देते हैं।

III. ऐक्वा रेजिया सोना और प्लेटिनम को घोल सकता है।

IV. ऐक्वा रेजिया का $pH > 7$ है।

(A) I, II और III

(B) I और II

(C) II और III

(D) I और III

84. निम्नलिखित में एक धातु गुच्छा का उदाहरण है –

(A) $Fe_3(CO)_{12}$

(B) $Fe_2(CO)_9$

(C) $Co_2(CO)_8$

(D) $Mn_2(CO)_{10}$

85. The drug used for the treatment of stress and anxiety are called

(A) Antihistamines

(B) Tranquilizers

(C) Antipyretics

(D) Analgesics

86. The free radical intermediates can be easily detected by

(A) UV-Visible spectroscopy

(B) NMR spectroscopy

(C) ESR spectroscopy

(D) IR spectroscopy

87. When an egg is boiled and changes into solid content, there is

(A) Increase in disorder

(B) Decrease in disorder

(C) No change in disorder

(D) $\Delta G$ is negative

88. As per Arrhenius concept, the rate constant of a reaction depends on

(A) Temperature

(B) Initial concentration of the reactants

(C) Time of reaction

(D) All of these

89. An $\alpha$-particle is


(A) A helium isotope

(B) Doubly ionized helium nucleus ($He^{2+}$)

(C) Singly ionized helium nucleus ($He^{+}$)


(D) Hydrogen atom devoid of electrons

90. Which among the following is not a bicyclic molecule?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

91. Which of the following is a plant hormone?

(A) Insulin

(B) Thyroxin

(C) Cytokinin

(D) Oestrogen

85. तनाव और चिंता के उपचार में उपयोग की जाने वाली दवाओं को क्या कहा जाता है?

(A) एंटीहिस्टामाइन (Antihistamines)

(B) ट्रैंक्विलाइज़र (Tranquillizers)

(C) एंटीपायरिटिक्स (Antipyretics)

(D) एनाल्जेसिक्स (Analgesics)

86. मुक्त मध्यवर्ती कण (free radical intermediates) को आसानी से कैसे पहचाना जा सकता है?

(A) यू.वी. दृश्यमान स्पेक्ट्रोस्कोपी (UV-Visible spectroscopy)

(B) एन.एम.आर. स्पेक्ट्रोस्कोपी (NMR spectroscopy)

(C) इ.एस.आर. स्पेक्ट्रोस्कोपी (ESR spectroscopy)

(D) आई–आर स्पेक्ट्रोस्कोपी (IR spectroscopy)

87. जब एक अंडा उबाला जाता है और ठोस सामग्री में बदल जाता है, क्या होता है?

(A) अव्यवस्था में वृद्धि (Increase in disorder)

(B) अव्यवस्था में कमी (Decrease in disorder)

(C) अव्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं (No change in disorder)

(D) $\Delta G$ नकारात्मक है ($\Delta G$ is negative)

88. अरहेनियस सिद्धांत के अनुसार, एक प्रतिक्रिया की स्थिरांक दर किस पर निर्भर करती है?

(A) तापमान (Temperature)

(B) अभिकारकों की प्रारंभिक सांद्रता (Initial concentration of the reactants)

(C) प्रतिक्रिया का समय (Time of reaction)

(D) उपरोक्त सभी (All of these)

89. एक अल्फा–कण वास्तव में क्या–क्या होता है?


(A) एक हीलियम आइसोटोप (A helium isotope)


(B) दो बार आयनित हीलियम नाभिक ($He^{2+}$)


(C) एक बार आयनित हीलियम नाभिक ($He^{+}$)


(D) इलेक्ट्रॉनों से रहित हाइड्रोजन परमाणु (Hydrogen atom devoid of electrons)

90. निम्नलिखित में से कौन–सा अणु बाइसाइक्लिक नहीं है?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

91. निम्नलिखित में से कौन–सा एक पौधा हार्मोन है?

(A) इंसुलिन

(B) थायरॉक्सिन

(C) साइटोकाइनिन

(D) एस्ट्रोजन

92. The brain is responsible for

(A) Thinking

(B) Regulating heart beat

(C) Balancing the body

(D) All of the above

93. Which of the following is an incorrect match?

(A) Layers--Eggs

(B) Oil seed--Fats

(C) Apiculture--Fish

(D) White revolution--milk

94. In evolutionary terms, we have more in common with

(A) a Chinese school boy

(B) a chimpanzee

(C) a spider

(D) a bacterium

95. Which of the following is bacterial disease of cattle?

(A) Rabies

(B) Cow pox

(C) Foot and mouth disease

(D) Anthrax

96. Dr. M.S. Swaminathan is related to

(A) Green revolution

(B) Blue revolution

(C) White revolution

(D) Yellow revolution

97. Biofertilizers used in organic farming include :

(A) Symbiotic and free living nitrogen fixing bacteria

(B) Nitrogen fixing Cynobacteria

(C) Phosphate solubilising microorganisms

(D) All of these

98. Lichens are good bioindicators for which component of air pollution?

(A) CO

(B) $CO_2$

(C) $SO_2$

(D) $CH_4$ and $CO_2$

99. The anthers are important because they contain

(A) Sepals

(B) Ovules

(C) Pistils

(D) Pollen grains

100. Organic farming does not include

(A) Bio-fertilizers

(B) Chemical Fertilizers

(C) Bio-pesticides

(D) Crop rotation

92. मस्तिष्क जिम्मेदार है :

(A) सोचने के लिए

(B) हृदय की धड़कन को नियंत्रित करने के लिए

(C) शरीर का संतुलन बनाए रखने के लिए

(D) उपरोक्त सभी

93. निम्नलिखित में से कौन–सा एक गलत मिलान है?

(A) परतें – अंडे

(B) तैल बीज – वसा

(C) मधुमक्खी पालन – मछली

(D) श्वेत क्रांति – दूध

94. विकासवादी दृष्टिकोण से, हमारा अधिक साम्य है :

(A) एक चीनी स्कूली लड़के से

(B) एक चिंपैंजी से

(C) एक मकड़ी से

(D) एक जीवाणु से

95. निम्नलिखित में से कौन–सी मवेशियों की जीवाणुजनित बीमारी है?

(A) रेबीज

(B) काऊ पॉक्स

(C) खुर और मुंह रोग

(D) एंथ्रेक्स

96. डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन का संबंध है :

(A) हरित क्रांति

(B) नील क्रांति

(C) श्वेत क्रांति

(D) पीली क्रांति

97. जैविक खेती में प्रयुक्त जैव उर्वरकों में शामिल हैं :

(A) सहजीवी और स्वतंत्र जीवित नाइट्रोजन स्थिर करने वाले बैक्टीरिया

(B) नाइट्रोजन स्थिर करने वाली सायनोबैक्टीरिया

(C) फॉस्फेट घुलनशील सूक्ष्मजीव

(D) उपरोक्त सभी

98. लाइकेन वायु प्रदूषण के किस घटक के लिए अच्छे जैव संकेतक हैं?

(A) CO

(B) $CO_2$

(C) $SO_2$

(D) $CH_4$ और $CO_2$

99. पुंकेसर महत्त्वपूर्ण है क्योंकि उनमें होते हैं :

(A) दलपुंज

(B) बीजांड

(C) अंडप

(D) पराग कण

100. जैविक खेती में शामिल नहीं है :

(A) जैव उर्वरक

(B) रासायनिक उर्वरक

(C) जैव कीटनाशक

(D) फसल चक्रण

## SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

2000953
2000953
2000953

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

2000953
2000953
2000953

12/KVPP/M-2025-01

पुस्तिका श्रृंखला

**A**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न–पुस्तिका

# सामान्य ज्ञान

समय : 1:30 घण्टे

पूर्णांक : 100

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल 100 प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है। **अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखें एवं कूटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक की जाँच कर देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका के ऊपर दायीं ओर मुद्रित श्रृंखला एवं उत्तर पत्रक पर मुद्रित श्रृंखला समान है। कृपया यह भी जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ सं. 30 और 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर पुस्तिका में मुद्रित श्रृंखला में अन्तर तो नहीं है। पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले, इसी श्रृंखला की दूसरी सही पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रक ले लें।**
5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न–पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. इस पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर – (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है।
8. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं – Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट–कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
9. प्रश्न–पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
10. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
11. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें।

**Note :** English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.